# बर्बरता: चोरी के शक में 3 युवको के गले में कटीले तार बांधकर पीटा, निकाला जुलूस



**परासिया, देशबन्धु।** जिले के इकलहरा स्थित वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) परिसर में भीड़ तंत्र की बर्बरता का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। चोरी के संदेह में भीड़ ने तीन युवकों के साथ न केवल जमकर मारपीट की, बल्कि उनके गले में कंटीले तार बांधकर उनका जुलूस भी निकाला। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले पर स्वत: संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मामला इकलहरा डब्ल्यूसीएल परिसर का है, जहां चोरी के शक में भीड़ ने तीन युवकों को पकड़ लिया। इसके बाद उनके साथ मारपीट की गई और अमानवीयता की हदें पार करते हुए उनके गले में कंटीले तार बांधकर पूरे क्षेत्र में घुमाया गया।

इस शर्मनाक घटना का वीडियो सामने आते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आ गई है। वायरल वीडियो के आधार पर घटना में शामिल उपद्रवियों और मारपीट करने वाले लोगों की पहचान की जा रही है। मामलें की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि कानून को अपने हाथ में लेने की इजाजत किसी को नहीं है। वीडियो फुटेज के जरिए आरोपियों को चिन्हित किया जा रहा है और इस घटना में संलिप्त सभी लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# धरम टेकड़ी मंडल की मासिक बैठक में आगामी कार्यक्रमों एवं संगठन की कार्ययोजना पर हुई चर्चा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय छिंदवाड़ा में धरमटेकडी मंडल की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों एवं संगठन की कार्ययोजनाओं की विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को मंडल के प्रभारी एवं भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी द्वारा संबोधित करते हुए आगामी कार्यक्रमों को लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकूर ने की। बैठक के प्रारंभ में जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ व सांसद प्रतिनिधि संतोष पटेल, सांसद प्रतिनिधि व अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के अल्केश लांबा, मंडल के महामंत्री ओम चौरसिया, मंडल के महामंत्री कमलेश कवरेती सहित मंडल में निवासरत सभापति, पार्षदगण एवं नये बने ऐल्डरमैन का पुष्पमाला भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। बैठक में संगठन की कार्ययोजना, बूथ सशक्तिकरण और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर मंडल के समस्त पदाधिकारी, ऐल्डरमैन पार्षदगण, बूथ अध्यक्ष, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थिरत रहे। अंत में सभी कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया गया।

## हर बूथ पर आयोजित हो तिरंगा यात्रा और मन की बात कार्यक्रम, गुलाबरा नगर मंडल की बैठक में निर्देश

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद कार्यालय में गुलाबरा नगर मंडल 4 की मासिक कामकाजी बैठक हुई जिसमें पार्टी निर्देश अनुसार आगामी आयोजित कार्यक्रम के बारे में उपस्थित जनों को जानकारी दी गई। बैठक में हर बूथ पर तिरंगा यात्रा और मन की बात कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर मंडल प्रभारी मनोज नेमा, मंडल अध्यक्ष लीला बजोलिया, मंडल महामंत्री अंकित तिवारी, आशुतोष वाडिवा, जगेन्द्र अल्डक, पार्षद चंद्रभान देवरे, धनराज भूरा भावरकर, मनोनीत पार्षद माया बंदेवार, डॉ. कृष्ण हरजानी, निशा गोस्वामी, ममता डोंगरे, निलू क्षेत्रीय, प्रतीभा ओक्टे आदि थे।

### सार समाचार

## 13 लाख रूपये की लागत से निर्माणाधीन सड़क का महापौर ने किया भूमिपूजन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा सीमा क्षेत्रान्तर्गत सर्रा स्थित वार्ड क्रमांक 35 के रहवासियों का पक्की सड़क का लंबा इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करते हुए लगभग 13 लाख रुपये की स्वीकृत लागत से बनने वाली नई पक्की सड़क का विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर निगम महापौर विक्रम अहके ने निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस शुभ अवसर पर वार्डवासियों ने पुष्पमालाओं से महापौर एवं उपस्थित अतिथियों का आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया।

भूमि पूजन के पश्चात उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए महापौर विक्रम अहके ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं (सड़क, बिजली, पानी) का विस्तार करना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस गुणवत्तापूर्ण सड़क के निर्माण से क्षेत्र के नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी और वार्ड के विकास को नई गति प्राप्त होगी। इस दौरान महापौर ने मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी के ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए कि सड़क का निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ और निर्धारित समय.सीमा के भीतर ही पूर्ण किया जाए।

सड़क निर्माण का भूमि पूजन होते ही वार्डवासियों के चेहरों पर खुशी और उत्साह का माहौल साफ दिखाई दिया। स्थानीय लोगों ने वर्षों से चली आ रही खराब रास्ते की समस्या के समाधान पर महापौर व नगर निगम प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नई सड़क बनने से आवागमन आसान एवं सुरक्षित हो जाएगा।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर, वरिष्ठ भाजपा नेता रामेश्वर ठाकरे, वार्ड संयोजक त्रिलोक राऊत, रोहित माहोरे, श्री पाटीलकर, मनीष गुप्ता, दीपक आवारे, योगेश धारे, नितिन राउत, महादेव बारस्कर, संपतराव राउत, मुकेश धारे, रितिक राउत, वेदांत राउत, विक्की लाडे, अमन माहोरे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर एसडीएम के निर्देश पर ग्राम पंचायत में हुई बैठक

**रामाकोना, देशबन्धु।** जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत रामाकोना मे आगामी होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाने को लेकर बुधवार को सरपंच श्रीमती ज्योति खंडाईत की अध्यक्षता एवं ग्राम पंचायत के पंचो की उपस्थिति मे बैठक सम्पन्न हुई। ग्राम पंचायत के सचिव पदमाकर भूसारी ने जानकारी देते हुए बताया की यह बैठक स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर ली गयी थी जिसमे ग्राम पंचायत के पंचगण, डेकोरेशन संचालक, पत्रकारबंधुओ को बुलाया गया था। वरिष्ठ पंच मुन्ना अब्दुल कलाम अंसारी ने बताया की यह बैठक सौसर के अनुविभागिय अधिकारी राजस्व सौसर के निर्देश मे किया गया था। बैठक मे ग्राम पंचायत द्वारा निर्णय लिया गया की स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर लगने वाला डेकोरेशन 21 हजार रूपये मे लगाया जायेगा जिसकी निविदा निकाली गयी।

**मौसम को देखते हुए होगी वाटरप्रूफ पंडाल, कुर्सियों की व्यवस्था-** मौसम को देखते हुए आमंत्रित अतिथियों के साथ ही छात्र-छात्राओं के लिए वाटर प्रूफ पंडाल एवं कुर्सियां की व्यवस्था की जाएगी। इस वर्ष ग्राम पंचायत के प्रांगण मे होने वाले स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम मे बारिश से बचने हेतु वाटर प्रूफ पंडाल तथा छात्र छात्राओं को बैठने हेतु कुर्सियों की व्यवस्था की जानकारी दी गई है।

# अमरवाड़ा उप चुनाव में किए गए वायदे भूल गए मुख्यमंत्री: जनता हो रही परेशान



**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** नगर की समाजसेवी संस्थान नटनी माई सेवा समिति, योग पतंजलि समिति, गोलक्ष्मी टीम, प्रगति सोपान समिति, आशवी फाउंडेशन, तहसील प्रेस क्लब ने संयुक्त रूप से अमरवाड़ा हॉस्पिटल में महिला डॉक्टर, सोनोग्राफी की एक मशीन और पद पूर्ति के लिए मुख्यमंत्री मोहन यादव से गुहार लगाई है।

जिसमें बताया गया है कि अमरवाड़ा का 100 बिस्तर वाला सिविल अस्पताल में रिक्त पड़े 50 पदों पर नियुक्ति की मांग की गई, यही स्थिति अमरवाड़ा विधानसभा स्वास्थ्य केंद्र हर्रई सहित उप स्वास्थ्य केंद्र पौनार, बटका खापा, धनोरा, सुरलाखापा, सोनपुर, सिंगोडी, खिरैटी, पेट देवरी पर भी डॉक्टरों की कमी से जूझ रहे हॉस्पिटल पर मवेशी डेरा जमाए हुए है।

शासन स्वास्थ्य सुविधाओं को सुधारने के लिए लाखों रुपए खर्च कर लें लेकिन जब तक डॉक्टरों की पूर्ति हॉस्पिटल में नहीं हो सकती तब तक शासन का पैसा ऐसे ही बर्बाद हता रहेगा सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों और स्वास्थ्य केंद्रों में भी विभिन्न पद खाली हैं।

### सोनोग्राफी मशीन, ईसीजी सहित अन्य सुविधाओं के लिए लगाई गुहार

अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में दुर्भाग्य की बात यह है कि यहां पर एक भी सोनोग्राफी मशीन और ईसीजी मशीन नहीं है जिसके बाद पूरे विधानसभा क्षेत्र के लोगों को लगभग 40 से 50 किलोमीटर छिंदवाड़ा का सफर तय करना पड़ता है जब जाकर सोनोग्राफी करनी पड़ती है और महिलाओं को काफी दिक्कतें होती है कई बार मांग की गई है लेकिन अभी तक पूरा नहीं किया गया है

### 10 बिस्तर वाला नेत्र हॉस्पिटल भी बंद, सभी विभागों के अलग-अलग कक्ष

यहां 100 बिस्तर के अलावा मध्य प्रदेश शासन के स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ने सर्वसुविधायुक्त 10 बिस्तर नेत्र वार्ड बनवाया दो मंजिल बाला प्रदेश का एकमात्र सिविल अस्पताल जिसमें लिफ्ट लगी है। यह बात अलग है कि वह बंद है ब्लड बैंक लैब आईसीयू वार्ड बच्चा वार्ड कुपोषित वार्ड जांच की लेबर रूम, दो बड़े ओटी जिसमें प्रयोग में लाने वाले सभी यंत्र मशीनें रखी हुई हैं पेटी पैक मशीन, स्पेशलिस्ट के नहीं होने से धूल खा रही है साथ ही डॉक्टरों के बैठने के लिए रूम, ओपीडी के लिए ड्रेसिंग, गहन चिकित्सा कक्ष, दवाई वितरण केंद्र, बी.एम.ओ. कार्यालय के लिए ऑफिस सभी रूम है सभी के अलग प्रकार नवजात शिशु को गंभीर स्थिति में रखने के लिए रूम, इन सब शासन से प्राप्त सुविधाओं के रहते हुए भी दर्जनों स्वीकृत पद के बावजूद भी पद पूर्ति नहीं होने से आम नागरिक और लगभग अमरवाड़ा अनु विभाग के 200-250 ग्रामो से आने वाले ग्रामीण को उपचार कराने के लिए रेफर कर दिया जाता है।

### विभिन्न पदों पर होना हैं नियुक्तियां

ज्ञात रहे कि अमरवाड़ा सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य मंत्रालय के द्वारा 12 मेडिकल ऑफिसर जिसमें सर्जिकल डॉक्टर, हार्ट स्पेशलिस्ट, बच्चों के डॉक्टर, गायनिक डॉक्टर और 36 स्टाफ नर्स, ड्रेसर 6, और 10 वार्ड बाय, सफाई कर्मी 12, नेत्र चिकित्सक, ईसीजी मशीन ऑपरेटर, अन्य पद सिविल अस्पताल के वर्षों पूर्व स्वीकृत हो चुके हैं जिनकी नियुक्ति अभी तक नहीं हुई है।

### निर्माणाधीन ऑक्सीजन प्लांट बना कबाड़, वेंटिलेटर का पता नहीं

अमरवाड़ा नगर की सिविल अस्पताल में पूरे मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व सांसद नकुलनाथ के द्वारा ऑक्सीजन प्लांट की सौगात दी गई थी और जिसका निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया था लेकिन अब अधूरा निर्माण कार्य हुआ है और वह कबाड़ में तब्दील हो गया है। वहीं विधायक कमलेश प्रताप शाह के द्वारा भी दो वेंटीलेटर और अन्य सामग्री यहां दी गई थी लेकिन जिसका भी अता पता नहीं है।

## पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस छिन्दवाड़ा में एनसीसी रैंक सेरेमनी आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा में कल 6 अगस्त को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की रैंक सेरेमनी का गरिमामय आयोजन किया गया। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं समर्पण के आधार पर चयनित कैडेट्स को नई रैंक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा विभाग जबलपुर के अतिरिक्त संचालक डॉ. अल्केश चतुर्वेदी ने कैडेट्स को रैंक बैज पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी



युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, चरित्र निर्माण तथा राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने नवपदोन्नत कैडेट्स से अपने पद की गरिमा बनाए रखते हुए अन्य कैडेट्स के लिए प्रेरणास्त्रोत बनने का आह्वान किया।

समारोह में राहुल टेकाम को सीनियर अंडर ऑफिसर एसयूओ, जतिन बंदेवार, अनुज विश्वकर्मा एवं सुश्री ऋतिका भाकने को अंडर ऑफिसर यू.ओ., पीयूष डेहरिया को कंपनी क्वार्टर मास्टर सार्जेंट एस.जी.टी. अर्पित धुर्वे को सार्जेंट सी.क्यू.एम.एस. शोभित चौरे को कॉर्पोरल सी.पी.एल. तथा सुश्री भूमि यादव को लांस कॉर्पोरल एल.सी.पी.एल. की रैंक प्रदान की गई।

यह कार्यक्रम एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. शेखर ब्रह्मने के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लक्ष्मीचंद, प्राध्यापकगण, अधिकारी तथा बड़ी संख्या में एन.सी.सी. कैडेट्स उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में नवपदोन्नत कैडेट्स ने अपने दायित्वों का निष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने तथा राष्ट्रसेवाए नेतृत्व एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सदैव सर्वोपरी रखने का संकल्प लिया। उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों ने सभी कैडेट्स को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज छिन्दवाड़ा से करेंगे मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान 2026 का शुभारंभ

## शिकायतों के निराकरण में प्रदेश में उत्कृष्ट स्थान पर है छिन्दवाड़ा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 7 अगस्त 2026 को एक दिवसीय छिंदवाड़ा दौरे पर आ रहे है। इस दौरान वे राज्यव्यापी मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान की शुरुआत करेंगे तथा जनता व अधिकारियों के साथ सीधे संवाद कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार वे सुबह दस बजे इमलीखेडा हवाई पट्टी पहुंचेंगे। जहां से वो एफ्डीडीआई आडिटोरियम जाएंगे, यहां उनके अभिनंदन का कार्यक्रम रखा गया है। इसमें जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इसके बाद वे आईटीआई का निरीक्षण करेंगे। सुबह 11:40 बजे दिवंगत पार्षद लोकेश डेहरिया के स्वजनों से मुलाकात करेंगे। 12:15 बजे लोक सेवा केंद्र का निरीक्षण करेंगे। 1:20 बजे उद्यमी और जनप्रतिनिधि संवाद करेंगे। दोपहर 1:25 बजे गणमान्य लोगों से मुलाकात करें। दोपहर 2:15 बजे सीएम सीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समाधान कार्यक्रम



होगा। जनशिकायतों एवं आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। कार्यक्रम की समस्त कार्यवाही सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से संपादित की जा रही है।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान का उद्देश्य जनविश्वास, जनकल्याण हेतु क्षेत्र भ्रमण, निरीक्षण एवं जन संवाद के माध्यम से आम जनता की शिकायतों का त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग और लोक सेवाओं का समय-सीमा में प्रदाय किया जाना है। अभियान के तहत प्रत्येक शुक्रवार अधिकारियों द्वारा फील्ड भ्रमण कर आमजन से सीधे संवाद स्थापित किया जाएगा तथा उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत शिकायतों के निराकरण में छिंदवाड़ा जिला प्रदेश में अग्रणी बनकर उभरा है। अभियान के तहत प्रस्तावित 7 अगस्त के समाधान शिविर हेतु जिले में अब तक कुल 4 हजार 768 शिकायतों

## संभागायुक्त एवं कलेक्टर ने समीक्षा पूर्व तैयारियों का लिया जायजा

का निराकरण किया जा चुका है, इस उपलब्धि के साथ अभियान अंतर्गत छिंदवाड़ा जिला शिकायतों के निराकरण में प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

जिले में अभियान अंतर्गत विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों के निराकरण में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, बिजली आपूर्ति एवं वोल्टेज संबंधी, एफआईआर दर्ज करने संबंधी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं/प्रारूप से संबंधित शिकायतों में सर्वाधिक कमी दर्ज की गई है। जबलपुर संभाग में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत अब तक 22 हजार से अधिक सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का निराकरण किया गया है।

छिंदवाड़ा जिले में समाधान कार्यक्रम के दृष्टिगत संभागीय अधिकारियों द्वारा भी लगातार क्षेत्रीय भ्रमण एवं मॉनिटरिंग कर सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए विशेष प्रयास किये गये हैं।